दिवस 39

drishtiias.com/hindi/printpdf/day-39

सरकारी योजनाएँ भाग-1

समाचारों में रही सरकारी योजनाओं/नीतियों का अनुसरण करते हुए UPSC इनके विषय में मूलभूत ज्ञान को परखने का प्रयास करता है, इसके लिये मूलभूत जानकारी का होना आवश्यक है। इस टॉपिक से जुड़े प्रश्न स्थैतिक के साथ-साथ समसामयिक मुद्दों/करेंट अफेयर्स से भी संबंधित हो सकते हैं। विगत वर्षों की परीक्षाओं में देखे गए रूझानों के आधार पर यह स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि UPSC इन टॉपिक्स से संबंधित तथ्यों, उनके संदर्भों, मूल पृष्ठभूमि आदि के बारे में प्रश्न पूछ सकता है।

स्वास्थ्य

- धन्वंतरि रथ: आयुर्वेद संबंधी स्वास्थ्य सेवाएँ
- राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (यूटच्यूब)
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
- टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म: ई-संजीवनी और ई-संजीवनी ओपीडी
- राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र (यूटच्यूब)
- इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क
- आरोग्य सेतु एप अब ओपन सोर्स
- आयुष संजीवनी एप
- आयुष्मान भारत के तहत COVID-19 का मुफ्त परीक्षण और उपचार

शिक्षा

- प्रज्ञाता दिशा-निर्देश
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020
- निष्ठा (NISHTHA)
- STARS कार्यक्रम (यूटच्यूब)
- समर्थ (SAMARTH)
- प्रधानमंत्री अनुसंधान अध्येता योजना में संशोधन
- स्वयं प्रभा टीवी चैनल
- कोलैबकैड
- भारत पढ़े ऑनलाइन अभियान

- युक्ति पोर्टल
- युक्ति 2.0 (YUKTI 2.0)
- राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान
- प्रोग्राम ध्रुव
- राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन (NEAT)
- स्कूल एजुकेशन 'शगुन'

कृषि

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना
- प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना
- लॉकडाउन के दौरान किसानों के लिये उपाय
- कृषि अवसंरचना कोष योजना (यूट्यूब)
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना
- ऑपरेशन ग्रीन्स'
- किसानों की आय दोगुनी करने के लिये प्रौद्योगिकी का आधुनिकीकरण
- 'ई-नाम (eNAM)'
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना
- किसान क्रेडिट कार्ड

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति
- 'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना
- भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन तथा प्रमाणीकरण केंद्र (IN-SPACe)
- 'सहयोग' (SAHYOG) एप
- उन्नत भारत अभियान 2.0

युवा तथा कौशल

- विद्यार्थी उद्यमिता कार्यक्रम 2.0
- सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना
- स्किल बिल्ड प्लेटफॉर्म
- जीवन कौशल
- श्रेयस योजना
- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

विगत वर्षों के प्रश्न

प्र. अटल नवप्रवर्तन (इनोवेशन) मिशन किसके अधीन स्थापित किया गया है? (2019)

(a) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

(b) श्रम एवं रोज़गार मंत्रलय

(c) नीति (NITI) आयोग

(d) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रलय

प्र. 'राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना निधि' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2017)

1- यह नीति (NITI) आयोग का एक अंग है।

2- वर्तमान में इसकी कॉर्पस 4,00,000 करोड़ रुपए है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. 'राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट)' स्कीम को क्रियान्वित करने का/के क्या लाभ है/हैं? (2017)

1- यह कृषि वस्तुओं के लिये सर्व-भारतीय इलेक्ट्रॉनिक व्यापार पोर्टल है।

2- यह कृषकों के लिये राष्ट्रव्यापी बाज़ार सुलभ कराता है जिसमें उनके उत्पाद की गुणता के अनुरूप कीमत मिलती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. संघ सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2009)

1- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना लॉन्च की।

2- कपड़ा मंत्रालय ने राजीव गांधी शिल्पी स्वास्थ्य बीमा योजना आरंभ की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. 'जननी सुरक्षा योजना' कार्यक्रम का प्रयास है: (2012)

1- संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना

2- प्रसूति की लागत वहन करने हेतु माँ को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना

3- गर्भावस्था और प्रसूति से हुई वेतन-हानि की आपूर्ति करना

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

प्र. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित मे से कौन-से प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 'आशा' (ASHA) के कार्य हैं? (2012)

1- स्त्रियों को प्रसव-पूर्व देखभाल जाँच के लिये अपने साथ स्वास्थ्य सुविधा केंद्र तक ले जाना

2- गर्भावस्था के प्रारंभिक संसूचन के लिये गर्भावस्था परीक्षण किट का प्रयोग करना

3- पोषण एवं प्रतिरक्षण के विषय में सूचना देना

4- बच्चे का प्रसव कराना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2, और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1,और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

प्र. भारत सरकार की एक पहल ‘SWAYAM’ का लक्ष्य है: (2016)

(a) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करना

(b) युवा नव-प्रवासी उद्यमियों को वित्तीय तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराना

(c) किशोरियों की शिक्षा एवं उनके स्वास्थ्य का संवर्द्धन करना

(d) नागरिकों को वहन करने योग्य एवं गुणवत्ता वाली शिक्षा निःशुलक उपलब्ध कराना

प्र. ‘विद्यांजलि योजना’ का क्या प्रयोजन है? (2017)

1- प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थाओं को भारत में अपने कैम्पस खोलने में सहायता करना।

2- निजी क्षेत्र और समुदाय की सहायता लेकर सरकारी विद्यालयों में दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना।

3- प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की आधारिक संरचना सुविधाओं के संवर्द्धन के लिये, निजी व्यक्तियों और संगठनों से ऐच्छिक वित्तीय योगदान को प्रोत्साहित करना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 2

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 2 और 3

प्र. ‘उन्नत भारत अभियान’ कार्यक्रम का ध्येय क्या है? (2017)

(a) स्वैच्छिक संगठनों और सरकारी शिक्षा तंत्र तथा स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग का प्रोन्नयन कर 100% साक्षरता प्राप्त करना।

(b) उच्च शिक्षा संस्थाओं को स्थानीय समुदायों से जोड़ना जिससे समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकास की चुनौतियों का सामना किया जा सके।

(c) भारत को वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक शक्ति बनाने के लिये भारत की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थाओं को सशक्त करना।

(d) ग्रामीण और नगरीय निर्धन व्यक्तियों के स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिये विशेष निधियों का विनिधान कर मानव पूंजी विकसित करना और उनके लिये कौशल विकास कार्यक्रम तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित करना।

प्र. 'राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2017)

1- NSQF के अधीन, शिक्षार्थी सक्षमता का प्रमाण-पत्र केवल औपचारिक शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त कर सकता है।

2- NSQF के क्रियान्वयन का एक प्रत्याशित परिणाम व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा के मध्य संचरण है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. 'नेशनल करियर सर्विस' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2017)

1- नेशनल करियर सर्विस, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, का एक उपक्रमण है।

2- नेशनल करियर सर्विस को देश के अशिक्षित युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर के संवर्द्धन के लिये मिशन के रूप में प्रारंभ किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. 'पूर्व अधिगम की मान्यता स्कीम (रिकिग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग स्कीम)' का कभी-कभी समाचारों में किस संदर्भ में उल्लेख किया जाता है?

(a) निर्माण कार्य में लगे कर्मकारों के पारंपरिक मार्गों से अर्जित कौशल का प्रमाणन

(b) दूरस्थ अधिगम कार्यक्रमों के लिये विश्वविद्यालयों में व्यक्तियों को पंजीकृत करना

(c) सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ उपक्रमों में ग्रामीण और नगरीय निर्धन लोगों के लिये कुछ कुशल कार्य आरक्षित करना

(d) राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अर्जित कौशल का प्रमाणन

प्र. महिलाओं को पारंपरिक और अपारंपरिक व्यवसायों में प्रशिक्षण और कौशल प्रदान करने वाली योजना का क्या नाम है?

(a) किशोरी शक्ति योजना

(b) राष्ट्रीय महिला कोष

(c) स्वयंसिद्ध

(d) स्वावलंबन